SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25
NOTES-13(FINAL EXAM)
Subject: HINDI

Grade - 4

Prepared by: VRUSHALI KOKANE

LESSON-13 अश्वमेध का घोड़ा
व्याकरण- अशुद्धि शोधन

प्रश्न १) शब्दार्थ मधुश्री पाठ्यपुस्तक से नोटबुक मे लिखिए।

प्रश्न २) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।

क)व्यर्थ-बेकार में

वाक्य- हमें व्यर्थ बातें नहीं करनी चाहिए

ख)प्रहार-वार करना

वाक्य-उसने दुश्मन पर जोरदार प्रहार किया

प्रश्न ३) खाली स्थान भरिए।

1. लव-कुश घोड़े को पकड़कर अपने साथ **आश्रम** में रखना चाहते थे।
2. नेपथ्य से आवाज़ आई कि छोड़ दो, छोड़ दो यह **अश्वमेध** का घोड़ा है।
3. शत्रुघ्न ने सैनिकों से **बालकों** को पकड़ने के लिए कहा।

प्रश्न ४) लघु उत्तरीय प्रश्नः

1. घोड़ा देखने में कैसा था?

उत्तर-घोड़े पर सोने की काठी लगी हुई थी और उसपर लाल कपड़ों की झूल थी।

2. सैनिक ने घोड़े के संबंध में लव से क्या कहा ?

उत्तर-सैनिकों ने घोड़े के संबंध में लव से कहा कि यह अश्वमेध का घोड़ा है, इसे मत पकड़ो, छोड़ दो।

3. अंत में लव-कुश ने क्षमा क्यों माँगी ?

उत्तर-अपनी माता सीता द्वारा यह बताए जाने पर कि अयोध्या के राजा श्री रामचंद्र ही उनके पिता हैं जानकर लव-कुश ने अंत में माफ़ी माँगी।

प्रश्न ५) दीर्घ उत्तरीय प्रश्नः

1. 'अश्वमेध यज्ञ' में घोड़ा क्यों छोड़ा जाता है?

उत्तर-अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा हर राज्य की सीमा से गुजरता है। जो भी राजा अधीनता स्वीकार कर लेता है वे उस घोड़े को नहीं पकड़ते बल्कि उसका स्वागत करते हैं। वरन जो उस घोड़े को पकड़ लेता है, वे अधीनता स्वीकार नहीं करना चाहते। उसके पश्चात उनसे युद्ध किया जाता है। अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा शक्ति का प्रतीक होता है।

2. घोड़े को पकड़ने का साहस किसी अन्य राजा ने क्यों नहीं किया ?

उत्तर- घोड़े को पकड़ने का साहस किसी अन्य राजा ने इसलिए नहीं किया क्योंकि उन्होंने अधीनता को स्वीकार किया और घोड़े को पकड़ा नहीं जाने दिया।

<u>व्याकरण-</u>

<u>अशुद्धि शोधन</u>

अशुद्धि शोधन- कभी-कभी व्याकरणों के नियमों की सही जानकारी न होने के कारण शब्दों और वाक्यों में अशुद्धियाँ आ जाती हैं, जिनका शोधन करना ही अशुद्धि-शोधन कहलाता है।

जैसे -

अशुद्ध शब्द	शुद्ध शब्द
चांद	चाँद
क्योंकी	क्योंकि
नमश्कार	नमस्कार
वायू	वायु
स्वास्थ	स्वास्थ्य
झूठ	झूठ

प्रश्न १) दिए गए अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए ।

अ) हवा बह रहा है।

शुद्ध वाक्य - हवा बह रही है।

आ) तुम काम किया?

शुद्ध वाक्य - तुमने काम किया ?

इ) मैं कल बहुत डरा।

शुद्ध वाक्य - मैं कल बहुत डर गया।

ई) हम सब खाना खाएगा।

शुद्ध वाक्य - हम सब खाना खाएँगे।